# ऐसा दे वरदान दाता ऐसा दे वरदान लिरिक्स

ऐसा दे वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान,
अंधकार छटे अज्ञान मिटे,
दु:ख विपदा का काल कटे,
जग का हो कल्याण दाता,
ऐसा दे वरदान,
ऐसा दें वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान।bd।

देखे – इतनी शक्ति हमें देना दाता।

---

भक्ति से तर कर दो तन को,
श्रद्धा से भर दो इस मन को,
निर्धन या धनवान यहाँ पे,
सब हो एक समान दाता,
ऐसा दे वरदान,
ऐसा दें वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान।bd।

---

योगी योग सिखाए सबको,
सच की राह दिखाए सबको,
जिससे कायाकल्प हो जाए,
स्वस्थ रहे इंसान दाता,
ऐसा दे वरदान,
ऐसा दें वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान।bd।

---

हम है राही दुनिया सफर है,
अपनी अपनी सबकी डगर है,
याद रहे ये बात सभी को,
हम है यहाँ मेहमान दाता,
ऐसा दे वरदान,
ऐसा दें वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सच ही निकले जब भी बोले,
सच कानों में मिश्री घोले,
भूले से भी झूठ ना बोले,
ये तेरी संतान दाता,
**Bhajan Diary Lyrics,**
ऐसा दे वरदान,
ऐसा दें वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान।**bd**।

---

ऐसा दे वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान,
अंधकार छटे अज्ञान मिटे,
दु:ख विपदा का काल कटे,
जग का हो कल्याण दाता,
ऐसा दे वरदान,
ऐसा दें वरदान दाता,
ऐसा दे वरदान।**bd**।

**Singer – Anuradha Ji Paudwal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com